

एक नजर में

### युवा संगम मेला कौशल का बड़ा मंच

**राजगढ़ 02 जनवरी, का.** देश के ऊर्जावान युवाओं को रोज़गार, कौशल प्रशिक्षण और करियर के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से युवा संगम रोज़गार मेला 2026 का आयोजन 12 जनवरी, 2026 को मंडी प्रांगण, सारंगपुर में किया जाएगा. इस मेले में एक ही मंच पर नौकरी, प्रशिक्षण और करियर मार्गदर्शन के बेहतरीन अवसर उपलब्ध होंगे. मेले में निजी एवं सरकारी क्षेत्रों की भागीदारी के साथ विभिन्न कंपनियाँ, प्रशिक्षण संस्थान और काउंसलिंग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराएंगे. यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा.

### जनसुनवाई में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

**राजगढ़ 02 जनवरी, का.** दोबड़ा निवासी प्रहलाद सिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि आवेदक का मकान कच्चा हैं. साथ ही सभी ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है. परन्तु आवेदक को आज दिनांक तक योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद ब्यावरा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया. ग्राम दोबड़ा जमीदार निवासी माखन ने बताया कि आवेदक को सम्मान निधि की राशि नहीं मिल रही है. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार खुजनेर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. मूंडला निवासी मांगीलाल ने बताया कि आवेदक की सिंचित कृषि भूमि पर अनावेदकों द्वारा कब्जा कर लिया गया है. जिससे आवेदक को खेती करने में काफी परेशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा एसडीएम खिलचीपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

### श्री टेकचंद महाराज ट्रस्ट ने किया जनसंपर्क

**पड़ाना 02 जनवरी, सं.** गुजराती दर्जी समाज के आराध्य देव गुरु धाम श्री टेकचंद जी महाराज रजिस्टर्ड ट्रस्ट कडछा के 18 जनवरी 2026 रविवार को प्रातः 8 से लेकर 5 तक चुनाव होने जा रहा है जिस्म अलग-अलग पैनल के लोगों द्वारा अपनी उम्मीदवारी के लिए ट्रस्ट के सदस्यों से गांव एवं नगरों में पैनल के उम्मीदवारों द्वारा संपर्क अपने पक्ष के लिए कर रहे हैं छप्पन भोग उत्सव समिति कडछा के अध्यक्ष राजेश परमार ने जानकारी देते हो बताया कि श्री टेकचंद महाराज रजिस्टर्ड ट्रस्ट कडछा उज्जैन के होने जा रहे चुनाव के लिए महाकाल पैनल के प्रत्याशियों अध्यक्ष पद हेतु अमित चौहान, सचिव नरेंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष सुनील, ट्रस्टी गण में अशोक सोलंकी, कन्हैयालाल देवड़ा, मनीष परमार, सत्यनारायण सोलंकी, कमल किशोर परमार, सुनील परमार, किशोर चौहान, प्रशांत चौहान द्वारा पूर्व ट्रस्टी रूप किशोर सोलंकी, सुभाष गोयल, राजेश चौहान, पूर्व पार्षद एवं अन्य समाज के लोगों के साथ शाजापुर जिले के कालापीपल एवं राजगढ़ जिले के कुरावर, तलेन, पचोर, सारंगपुर सहित नगर पड़ाना में ट्रस्ट के सदस्यों से संपर्क किया. गुजराती दर्जी समाज की एकता एवं सर्वांगीण विकास के लिए महाकाल पैनल के प्रत्याशियों को विजय बनाने घर-घर संपर्क कर रहे है. इस दौरान दामोदर नवयुवक मंडल सारंगपुर सहित बबलू परमार, खुजनेर चेतन टेलर, कैलाश टेलर, संजय टेलर, रवि टेलर पड़ाना, वीरेंद्र परमार नैनवाडा सहित समाज के लोगों द्वारा पैनल के प्रत्याशियों का स्वागत किया.

# दस सालों में चौथी बार 10 डिग्री से नीचे पारा

## रात में कोहरा छाएगा, क्लाउडी वेदर के कारण दिन में बढ़ेगी ठण्ड, रात का बढ़ेगा तापमान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जनवरी, का. साल 2026 की शुरूआत शीतलहर के साथ हुई है. नए साल के दूसरे दिन सुबह से बादल और हल्की धूप रही. वहीं शाम को 5 बजे के बाद लगातार शीतलहर के साथ ठण्डक बढ़ती चली गई. देर शाम तक शीतलहर के साथ कड़ाके की ठण्ड पड़ने लगी. वहीं देर शाम कुंहासे से वातावरण ढंकने लगा.**

जानकारी के अनुसार उत्तरी हवाओं के परिवर्धित होने के कारण शीतलहर का असर बढ़ने लगा है. इस बार साल की शुरूआत 8.50 डिग्री तापमान आंका गया. शीतलहर से लोग ठिठुरे और अलावों का सहारा लिया.

मौसम विभाग के अनुसार इस बार क्लाउडी वेदर रहेगा. यानी बादलों के छाए रहने के कारण दिन का पारा गिरेगा और रात का तापमान बढ़ा हुआ रहेगा. यानी पिछले दिनों की तुलना में पारा दिन में घटेगा और रात में बढेगा. पिछले 10 सालों में चौथी बार पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंचा है.



*ब्यावरा .हल्की धुंध से शुक्रवार शाम हाईवे पर विजिबिलिटी घटती नजर आई.*

### फसलों पर प्रभाव पड़ सकता है

मौसम विभाग सीहोर के अनुसार इस बदलते मौसम के कारण आम जनजीवन के साथ ही फसलों पर भी प्रभाव पढ़ेगा. मौसम विभाग के अनुसार जडमाउ रोग पलटकर आ सकता है. साथ ही फसलों पर यदि कोहरे, तुषार और कुंहासे का असर बढ़ता है तो पाला भी लग सकता है. तेज ढण्ड और लगातार दिन में गिरता तापमान फसलों पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है. ठंड और पाले से फसलों में मुख्य रूप से झुलसा रोग फफूंद जनित रोग और माहू जैसे कीटों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे आलू, सरसों, टमाटर, मटर, गेहूं और सब्जियों पर असर पड़ता है. इसके बचाव के लिए हल्की सिंचाई, गंधक या मैंकोजेब का छिड़काव, और पोटेशियम सिलिकेट जैसे स्प्रे की सलाह दी जाती है.

### पिछले दस वर्षों में 1 जनवरी को दर्ज न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| 2026 | - 8 .50 |
| 2025 | - 7 .6 |
| 2024 | - 12 |
| 2023 | - 7 .6 |
| 2022 | - 11 .6 |
| 2021 | - 10 .4 |
| 2020 | - 10 |
| 2019 | - 6 .6 |
| 2018 | - 10 .2 |
| 2017 | - 12 |
| 2016 | -11 .6 |
| 2015 | -13 .4ह्य |

### नागरिक अपना ध्यान रखें

मौसम तेजी से बदल रहा है. कुंहासा, कोहरा और बादलों से पूरी तरह फिजा ढंकी रहेगी. अभी दिन का पारा गिरेगा. क्लाउडी वेदर होने के कारण विजिबिलिटी कोहरे के कारण प्रभावित हो सकती है. नागरिक अपना ध्यान रखें.

**सत्येन्द्र तोमर, मौसम विभाग सीहोर**

# जेवरात चोरी के आरोपियों को 24 घंटे में दबोचा




नवभारत न्यूज

**जीरापुर 02 जनवरी, सं. थाना जीरापुर पुलिस ने ज्वेलरी चोरी के प्रकरण में शत-प्रतिशत मशरूका बरामद कर आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जिला जेल राजगढ़ भेजा है.**

घटना 27 दिसम्बर की है. फरियादी रामेश्वर सोनी, पिता राधेश्याम सोनी, उम्र 27 वर्ष, निवासी भावसार मोहल्ला, वार्ड क्रमांक-08, जीरापुर द्वारा थाना जीरापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि एक अज्ञात व्यक्ति उसकी ज्वेलर्स दुकान पर आया और सोने की नाक की 06 बालियां एवं बच्चों के हाथ के चांदी के एक जोड़ी कड़े, कुल कीमती लगभग 20 हजार खरीदने के बहाने चोरी कर ले गया. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज एवं फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के माध्यम से साक्ष्य संकलित किए गए.

प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी धर्मेन्द्र पिता रमेशचन्द्र जाटव, उम्र 34 वर्ष, निवासी गांधीग्राम, थाना नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ को चिन्हित कर पूछताछ उपरांत गिरफ्तार किया गया. कार्यवाही में निरीक्षक रवि ठाकुर (थाना प्रभारी, जीरापुर), उनि जसवंत सिंह गोठरिया प्रभारी फिंगर प्रिंट शाखा, अनिल नायक, श्यामसुन्दर, देवीसिंह, देवेन्द्र, पंकज, रवि जाट, जुगल, मनोज, शिवप्रसाद शामिल रहे.

# भव्य शोभायात्रा निकाल कर किया हिंदू सम्मेलन का आयोजन



नवभारत न्यूज

**माचलपुर 02 जनवरी, सं.** नगर में संघ के स्थापना शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर सकल हिंदू समाज द्वारा संघ को धन्यवाद देने के लिए हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन से पूर्व चाठा कुंडी बालाजी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें रथ पर आकर्षक राम लक्ष्मण की चलित झांकियां एवं दूसरे रथ पर सदगुरु समाधि मगहर धाम काशी के संत अरविंद दास शास्त्री इनके साथ अन्य संत सवार थे. अयोध्या रामलाल मंदिर स्थित राम प्रतिमा की हुबहु प्रतिमा के रूप में बने पात्र का पूजन किया गया. सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य लक्ष्मीनारायण चौहान ने अपनी ओजस्वी वाणी में गीत प्रस्तुत किया व बहिनों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी. तत्पश्चात सदगुरु समाधि मगहर धाम काशी संत अरविंद दास ने कहा हम सब राम के वंशज है अलग अलग बट कर नहीं रहना है. संघ के संघठन मंत्री मनीष उपाध्याय ने उपस्थित हिन्दू समाज को अपने बौद्धिक में बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सकल हिंदू समाज का कार्य कर रहा सनातन परंपरा को आगे बढ़ा रहा है. इस अवसर हिन्दू सम्मेलन की मुख्यवक्ता साध्वी सरस्वती ने कहा की सकल हिंदू सम्मेलनों के माध्यम से एक उपहार है.

### मोहन मंडल में हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन किया

**छापीहेड़ा 02 जनवरी, सं.** छापीहेड़ा खंड के मोहन मंडल में हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम गुरुवार दोपहर संपन्न हुआ. मोहन मंडल में आठ गांव है जिसमें मोहन रामनगर बरखेड़ी लसुडलिया खेराज खोडियाखेड़ी केसरपुरा पीपाखेड़ी तेलीखेड़ा सम्मिलित है. 11 जनवरी को मोहन मंडल के अंदर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन होना है इसके लिए आज इन सभी ग्रामों से आए धर्म प्रेमी बंधुओ ने धूमधाम के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों ने मिलकर धूमधाम से बैंड बाजे के साथ भगवा पताका के साथ धूमधाम से जुलूस निकालकर पूरे गांव में शोभायात्रा निकालते हुए सम्मेलन स्थल पर जाकर भूमि पूजन कर ध्वजारोहण किया. भूमि पूजन के पश्चात सभी गांव से आए धर्म प्रेमी बंधुओं को आयोजन समिति के द्वारा पीले चावल से भरे कलश किए गए. सभी ग्रामों द्वारा 10 दिन के उत्सव हेतु हनुमान चालीसा सुंदरकांड ,रंगोली, प्रतिभा सम्मान समारोह प्रभात फेरिया जैसे कार्यक्रम तय किए गए.

### ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर पहुंचे विद्यार्थी

**खिलचीपुर 02 जनवरी, सं.** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल ढाबली कला की कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक क्षेत्र भ्रमण हेतु पुरापाषाण और मध्यपाषाण काल के साथ-साथ ऐतिहासिक काल में समेटे हुए प्राचीन भीमबेटिका की शिला स्तंभ का भ्रमण कराया जहां भारत में मानव जीवन के सबसे प्रारंभिक निशान पाषाण युग के प्रमाण प्रदर्शित करते हैं यह बच्चों को समझाया अपनी प्राचीन और प्रचुर मात्रा में मौजूद प्रागैतिहासिक शैल चित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है. बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद उठाया. जिसमें संस्था के शिक्षक एवं शिक्षिका स्टॉफ उपस्थित रहे.

# अब राशन मित्र पोर्टल पर होगी आयकर दाताओं की छंटनी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जनवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य विभाग की समीक्षा की. इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी अजीत कुमार उपस्थित रहे. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एमडीएम, समूह व शासकीय हॉस्टलों में पहुंचाएं जा रहे हैं राशन की बिंदुवार समीक्षा की.**

साथ ही जिले की 25 मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना के अंतर्गत संचालित गाड़ियों के जीपीएस व समय पर राशन पहुंचाने की स्थिति की भी जानकारी ली. जेएसओ सारंगपुर द्वारा बताया गया कि पचोर की एक गाड़ी समय पर राशन नहीं पहुंचाने व जीपीएस नहीं लगने पर भुगतान रोक दिया गया है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी राशन गोदाम सुबह 10 बजे खुले व सभी कर्मचारी सार्थक ऐप पर उपस्थित लगाना सुनिश्चित करें. सार्थक एप्प की उपस्थिति के आधार पर ही वेतन भुगतान किया जाएगा. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सख्त निर्देश दिए की कोई भी आयकर दाता हितग्राही को राशन न मिले यह सुनिश्चित किया जाए. एम राशन मित्र पोर्टल से आयकर दाता हितग्राही के नाम हटाए जाएं.

### समीक्षा बैठक में लक्ष्य पूर्ति के लिए जमीनी स्तर पर काम करने के निर्देश

**राजगढ़ 31 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आगामी कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के एजेंडे को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की. बैठक में शासन की प्राथमिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लक्ष्य पूर्ति एवं जमीनी स्तर पर लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया. समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विकास विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा नगरीय/शहरीय विकास विभाग की योजनाओं की बिंदुवार प्रगति की गहन समीक्षा की. उन्होंने विभागवार योजनाओं की वर्तमान स्थिति, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, लाभार्थी संतृप्ति, नवाचारों तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुँचे. उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, फील्ड लेवल मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय एवं डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए.

# सेवानिवृत्ति पर मनाया उत्सव, घोड़े पर जुलूस निकाला

नवभारत न्यूज

**पचोर 02 जनवरी, सं.** शिक्षा विभाग में 41 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद शिक्षक राधेश्याम जाट के सेवानिवृत्त होने पर ग्राम आगर मलावर में भव्य व भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर पूरा गांव उनके सम्मान में सहभागी बना. सेवानिवृत्ति के दिन ग्रामवासियों ने राधेश्याम जाट को घोड़े पर बैठाकर ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ गांव में सम्मान जुलूस निकाला. जुलूस के दौरान गांव के हर घर में श्री जाट का आत्मीय स्वागत किया गया. ग्रामीणों ने शॉल व श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उनके सहज, सरल व्यवहार और शिक्षा के प्रति समर्पण की मुक्त कंठ से सराहना की. लोगों का कहना था कि उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य किया.



इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिक ओर जनप्रतिनिधि शामिल हुए. इस अवसर पर जाट महासभा के सचिव राजेंद्र जाट ने कहा कि राधेश्याम जाट केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि पूरे गांव के लिए मार्गदर्शक रहे हैं. उन्होंने पीढ़ियों को शिक्षा की राह दिखाई और अपने सरल स्वभाव से हर किसी के दिल में स्थान बनाया.

### सर्टिफाइट हर घर नल से जल गांव कुंडीबे की सफलता

**राजगढ़ 02 जनवरी, का.** राजगढ़ जिले का कुंडीबे गांव उन गांवों में शामिल हो गया है. जहां जल जीवन मिशन ने महिलाओं और बच्चों की रोज़मर्रा की जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया है. वर्तमान में गांव के सभी 147 घरों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन है. जिससे पीने और घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त, सुरक्षित और साफ पानी मिल रहा है.

# कांग्रेस पदाधिकारियों का पीलूखेड़ी में किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**पीलूखेड़ी 02 जनवरी, सं.** स्थानीय बस स्टैंड पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का किया गया. जिसमें कुरावर ब्लॉक अध्यक्ष खुर्शीद मेव, नरसिंहगढ़ अध्यक्ष देवेंद्र बना, तलेन अध्यक्ष अतुल चौधरी, बोडा अध्यक्ष लखन रुहेला के स्वागत में मुख्य रूप से पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, गोविंद सिंह गुर्जर, प्रेम किशोर मीणा, मंजू लता शिवहरे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव, मीणा समाज जिला अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रविंद्र मीणा, कमला प्रसाद शर्मा, पार्षद राजू चौकसे, पार्षद राजेश मीणा, पार्षद सचिन गिरी, प्रकाश दला शामिल हुए. सभी का स्वागत मंडलम प्रभारी शब्बीर खान, पत्रकार शाहिद पठान, मुन्ना मेव, राजू नायक, जलाल खान, आरिफ खान, अंसार खान, आकिब खान, आजाद सिंह जाट द्वारा 21 किलो की फूलों की माला पहनाकर किया गया. इस मौके पर गुफरान मुन्ना, फहीम खान, शाहरुख खान, आबिद खान, फरदीन खान, परवेज खान, मुस्ताक नेता, जयराम नायक, आसिफ खान, फारुक खान, अनस खान ,जलील कुरैशी,सलमान खान, अखलाक खान ,सलीम खान, लाल बाबा नजमुद्दीन शामिल हुए. पीलूखेड़ी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आजाद सिंह जाट ने बताया कि कार्यकर्ताओं को जोड़कर काम ले लिया जाता है. लेकिन उसके बाद में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि कार्यकर्ता ही पोलिंग जीतने का कार्य करता है.

**समस्या** ▶ प्रेशराइज्ड वाटर को लेकर करनवास अंचल और शेरपुरा गांव के ग्रामीणों ने की शिकायत

# 3 साल का इंतजार, टैक्स भरा लेकिन नहीं मिल रहा पानी

नवभारत न्यूज

**करनवास 02 जनवरी, सं. करोड़ों की लागत से मोहनपुरा बांध सिंचाई परियोजना का निर्माण किया गया. किसानों को सिंचाई और पेयजल के लिए निर्बाध आपूर्ति करने का दावा किया गया. लेकिन मैदानी हकीकत कुछ और नजर आ रही है. कई गांवों में किसानों को प्रेशराईज्ड पानी पाईप लाईनों से नहीं मिल रहा है. कहीं वॉल्व खराब पड़े हैं तो कहीं चैकवेल से डायरेक्ट पानी लिया जा रहा है. मामले में विभागीय अधिकारियों को भी जानकारी नहीं है. साथ ही मेंटिनेंस टीम भी इससे अनजान है.**

जानकारी के अनुसार मोहनपुरा सिंचाई परियोजना किसानों के लिए लाभप्रद साबित हो रही है. लेकिन क्षेत्र में कई किसानों को इसका लाभ नहीं मिला है. एक बूंद तक पानी खेतों तक नहीं पहुंचा. सैकड़ों किसान आज भी मोहनपुरा प्रेशखाज सिंचाई परियोजना इतजार कर रहे हैं. पाइपलाइन से पानी आने का किसान पिछले तीन वर्षों से इंतजार कर रहे है. उन्हें टैक्स भी वसूला जा रहा है. सिचाई पर लगने वाला कर जो की सिचाई विभाग पानी देने के बदले वसूल करता है उसकी राशि समीपस्थ ग्राम शेरपुरा के किसान दे रहे है. चर्चा करने पर कृषकों लक्ष्मीचंद यादव, रामनारायण यादव, सुरेश, खेमराज, गुप्ता, शुमि मुकेश आदि ने बताया कि किसानों को कर पूरा वसूला जा रहा है लेकिन पानी नहीं मिल रहा है. करनवास अंचल के किसान मोहनपुरा डैम से पानी नहीं मिलने से परेशान है. किसानों ने बताया कि वार्षिक रूप से सिंचाई विभाग से रसीद भी कटवा रहे है. बावजूद आज तक उक्त किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचा है जबकि आसपास क्षेत्र के किसानों को पिछले तीन वर्षों से पानी मिल रहा है जो आउटलेट की बजाए चैकवाल से डायरेक्ट पानी ले रहे है. लेकिन विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है. शाहपुरा गांव में भी 10 से 12 ऐसे किसान है जिन्हें नहर चालू हुए करीबन तीन साल बाद भी पानी नहीं मिल रहा. वॉल्व को निकाल कर कई लोगों ने उसमें पाइप लगा लिए है. जिससे आखिरी के छोर वाले किसानों को प्रेशर से पानी नहीं मिल पा रहा. कई किसानों की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लेकिन आज दिनांक तक उक्त किसानों पर सिचाई विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कोई भी भाग कार्रवाई नहीं की जा रही है.



### जानकारी मिली है, जांच कराएंगे

*आपके माध्यम से जानकारी मिली है. हम इसकी जांच करवा रहे है. किसानों के खेतों तक हमारे वॉल्व लगे है लेकिन यदि उनके पानी नहीं जा रहा है तो हम आगामी सोमवार या मंगलवार तक मौका मुआयना करवाएंग और जांच कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी.*

**राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसडीओ मोहनपुरा परियोजना**

# श्रीमती शकुंतला गौतम का देवलोकगमन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 जनवरी, का.** सेवानिवृत्त प्राचार्य विष्णु गौतम की धर्मपत्नि श्रीमती शंकुतला गौतम का शुक्रवार को अस्वस्थता के चलते देवलोकगमन हो गया. वे शिक्षक मनोज गौतम एवं पत्रकार मनीष गौतम की माताजी थी.



बहुत ही सहज, सरल, हंसमुख स्वभाव एवं धार्मिक प्रवृत्ति की श्रीमती शंकुतला गौतम कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी. शुक्रवार प्रातः उनकी तबियत अचानक बिगड़ी और वे चल बसी.

उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाजबंधु, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, पत्रकार आदि शामिल हुए. इनमें मुख्य रूप से पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, एडव्होकेट आशीष उपाध्याय, गोपाल तिवारी, चंद्रकांत त्रिपाठी, जितेन्द्र जोशी, सुनील उपाध्याय, विनोद नागर, देवेन्द्र शर्मा, पत्रकार गोविंद बड़ोने, कमल खस, अभिलाश जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, विनोद शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, दीपक गुप्ता, बी.के. तिवारी, जयराज सिंह राठौड़, कोमल शर्मा, अशोक भार्गव, शिशुपाल राणा सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.